सार-समाचार

रथयात्रा धूमधाम से निकली

उदयपुर, (कासं)। शहर में भगवान जगन्नाथरायजी की विशाल रथयात्रा रविवार को धूमधाम के साथ निकली।मेवाड के पूर्व राजपरिवार के सदस्य डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड ने शहर के प्रसिद्ध जगदीश मंदिर के पुजारियों-सेवादारों के आमंत्रण पर वेदपाठी ब्राह्मणों के दल के साथ जगदीश मंदिर पहुंचे, जहां भगवान जगन्नाथ स्वामी की विशेष पूजा-अचर्ना कर खुशहाली की कामना की। इसके बाद भगवान के विग्रह एक-एक कर रजत रथ में सवार होने के लिए विधि-विधान के साथ मंदिर से जगदीश चौक पहुंचे। जगदीश चौक में डॉ. लक्ष्यराज सिंह ने भी रजत रथ में सवार भगवान जगन्नाथ स्वामी की पूजा-अर्चना कर भगवान जगन्नाथजी का रथ खींचा। इस अवसर पर डॉ. लक्ष्यराज सिंह ने कहा कि मैं भगवान जगन्नाथ स्वामी का रथ खींचकर खुद को सौभाग्यशाली महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि मेवाड 1500 साल से सनातन धर्म और संस्कृति की रक्षा व संरक्षण के लिए तत्पर रहा है और आगे भी रहेगा। भगवान जगन्नाथ स्वामी की यह विशाल रथ यात्रा युवाओं में सनातन धर्म-संस्कृति के प्रति समर्पित रहने के भी भाव जाग्रत करने का कार्य करती है।

नेहरू गार्डन का किया निरीक्षण

उदयपुर, (कासं)। असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने रविवार को फतहसागर झील में अवस्थित नेहरू गार्डन के जीर्णोद्धार व सुदृढ़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया और अब तक पूर्ण किए गए कार्य की प्रगति को देखते हुए शेष कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। राज्यपाल कटारिया आज दोपहर में शहर विधायक ताराचंद जैन, जिला कलक्टर अरविंद पोसवाल, यूडीए आयुक्त राहुल जैन सहित यूडीए के अधिकारियों के साथ नेहरू गार्डन पहुंचे। राज्यपाल कटारिया ने लगभग पूर्ण हो चुके सिविल वर्क व सुदृढ़ीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां पर तैयार किए गए फुटपाथ, बारादरी, स्थानीय कलाकारों के लिए तैयार किए गए एम्पी थियेटर, जहाजनुमा रेस्टोरेंट और अन्य प्रभागों को देखा और इसकी गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण दौरान अतिरिक्त मुख्य अभियंता संजीव शर्मा और अन्य ने राज्यपाल को यूडीए द्वारा प्रस्तावित जीर्णोद्धार व सुदृढ़ीकरण कार्य तथा अब तक की प्रगति के बारे में जानकारी दी और बताया कि गार्डन में पानी भर जाने के कारण आवागमन में होने वाली असुविधा को देखते हुए फुटपाथ को ऊंचा किया गया है। शर्मा ने कहा कि सिविल वर्क के बाद हॉर्टीकल्चर वर्क्स को प्राथमिकता से पूर्ण किया जाएगा और इस गार्डन को सितंबर अंत तक पूर्ण करने के प्रयास किए जाएंगे। निरीक्षण दौरान उपायुक्त जितेन्द्र ओझा, अधीक्षण अभियंता अनित माथुर, अधिशासी अभियंता निर्मल सुथार प्रणाम कंस्ट्रक्शन के शंकर वरदार सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

गणेश जी को मोदक का भोग धराया

उदयपुर, (कासं)। अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ इस्कोन उदयपुर द्वारा निकली भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा में अखिल भारतीय नववर्ष समारोह समिति, आलोक संस्थान, बजरंग सेनामेवाड, भारत विकास परिशद मेवाड, एवं सर्व समाज, संगठनों द्वारा डॉ. प्रदीप कुमावत के मुख्य संयोजक में बोहरा गणेशजी चौराहें पर भगवान जगन्नाथ की भव्य श्रृंगार महाआरती की गई। महाआरती संयोजक डॉ. प्रदीप कुमावत ने बताया कि बोहरा गणेश जी चौराहें पर प्रात:काल से ही भक्तों की भीड जमा हो गई। भव्य श्रृंगार महाआरती के आयोजन में सबसे पहले भगवान गणेश जी को मोदक का भोग धराया गया। डॉ. कुमावत ने बताया कि बोहरा गणेशजी क्षेत्र में भगवान बोहरा गणेशजी और भगवान जगन्नाथ जी का मिलन ढोल नगाडो से, पुष्प वर्षा से धूमधाम से पूरे शास्त्र अनुसार धूप आरती से लेकर, कूपर आरती, घी की आरती, जल आरती के साथ पूरे अनुश्ठान को सम्पन्न करके भव्य श्रृंगार महाआरती हुई। सभी भक्तों को आरती प्रदान की गई। इस अवसर पर विषेश नियंत्रण मंच के अलावा स्थानीय कलाकारों द्वारा तैयार की गयी मल्टीट्रेक रिकोर्डिंग ऊँ जय जगदीश हरे..... आरती के दौरान आरती चलाई गयी जिसने एक अनुपम नजारा प्रस्तुत किया। भगवान जगन्नाथ के स्वागत में मानो आसमान से सितारे जमीन पर उतर आए हो ऐसा अद्भूत दृश्य बोहरा गणेशजी चौराहें पर था।इस अवसर पर मुख्य सयोजक डॉ प्रदीप कुमावत, इस्कॉन् के मुख्य प्रबंधक मायापुर वासी, प्रो एस एस सारंग देवोत, महंत इंद्र देव दास, देवेंद्र, अनिल, जय राज आचार्य, रमेश चौधरी, चौथमल मंगरोला, कमलेंद्र सिंह पवार, शिव सिंह सोलंकी, भूपेंद्र सिंह भाटी, रोबिन सिंह,कांता कुमावत, सत्य नारायण चौधरी, विद्या कुमावत सहित गण मान्य उपस्थित थे।

कार चोरी

उदयपुर, (कासं)।शहर के हाथीपोल थाना पुलिस ने गांधीनगर मल्लातलाई चौराहा हाल रेल्वे कॉलोनी निवासी सुरेश कुमार चौहान पुत्र भेरूलाल चौहान की रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के खिलाफ 30 जून को कॉलोनी में खड़ी कार चुरा ले जाने का प्रकरण दर्ज किया।

सफेद कपोत को मुक्त कर दिया शांति का संदेश

उदयपुर, (कासं)। असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने रविवार को शहर के गुलाबबाग स्थित बर्ड पार्क का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने पौधरोपण किया। साथ ही सफेद कपोत छोड़ कर शांति और सौहार्द का संदेश भी दिया।

असम के राज्यपाल कटारिया एवं सांसद डॉ मन्नालाल रावत रविवार सुबह गुलाबबाग स्थित बर्ड पार्क पहुंचे। यहां उप वन संरक्षक मुकेश सैनी,

■ **असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने किया बर्ड पार्क का अवलोकन**

उपवन संरक्षक (वन्यजीव) डीके तिवारी आदि ने उनका स्वागत किया। कटारिया ने बर्ड पार्क का अवलोकन किया और यहां की गतिविधियों की जानकारी ली।

इस दौरान उप वन संरक्षक डीके तिवारी और रजत भार्गव ने रेस्क्यू सेंटर के बारे में अवगत कराया और बताया कि इस रेस्क्यू सेंटर पर विभिन्न घायल पक्षियों को उपचार प्रदान किया जाता है। राज्यपाल कटारिया और सांसद रावत ने वन विभाग द्वारा किए जा रहे इस कार्य की प्रशंसा की और कहा कि इससे घायल पक्षियों को जीवनदान प्राप्त हो रहा है।

इस दौरान उप वन संरक्षक डी के तिवारी ने बर्ड पार्क के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि बर्ड पार्क के मुख्य द्वार पर एक गोल्फ कॉर्ट की भी व्यवस्था की गई, जिसके माध्यम से बुजुर्गों को बर्ड पार्क का नि:शुल्क भ्रमण कराया जाएगा।

शहर के गुलाबबाग स्थित बर्ड पार्क का अवलोकन में सफेद कपोत को मुक्त करते असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया।

ऑनलाइन टूल्स शिक्षा नीति की जागरूकता हेतु कारगर : सारंगदेवोत

उदयपुर, (कासं)। जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ द्वारा नैप्थोन शीर्षक से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया।

कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगेवोत ने कहा कि देश का यह प्रथम नैप्थोन विद्यार्थियों और शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति की समझ को गहरा करने व जागरूकता हेतु उत्तम मंच प्रदान करेगा। यह क्विज भारत भर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिभागियों के लिए आयोजित किया गया है, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति में उल्लिखित परिवर्तनकारी लक्ष्यों और दृष्टिकोण की व्यापक समझ को बढावा देना है। समग्र विकास और बहु-विषयक शिक्षा पर केंद्रित यह नीति देश के शैक्षिक परिदृश्य को नया रूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।प्रो. सारंगदेवोत ने बताया कि शैक्षिक नवाचार और उत्कृष्टता की प्रतीक इस प्रश्नोत्तरी में आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश आसाम, बिहार,छत्तीसगढ, गोवा,गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, कर्नाटक, केरल, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालेंड, उडीसा, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम, तमिलनाडू, तेलंगाना, त्रिपुरा, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, अंडमान व निकोबार, चंडीगढ, दादरा व नगर हवेली, दिल्ली, जम्मू कश्मीर, लद्दाख, लक्ष्यद्वीप व पांडेचेरी से बडी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर विवि की आईक्यूएसी के निदेशक डॉ. युवराज सिंह ने बताया कि इस क्विज का प्राथमिक उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में जागरूकता, नीति के कार्यान्वयन हेतु आलोचनात्मक सोच को बढावा देना और समकालीन शैक्षिक सुधारों का वातावरण निर्मित करना है। इसके अतिरिक्त, यह प्रश्नोत्तरी शैक्षणिक समुदाय के भीतर निरंतर सीखने और शैक्षिक विकास की संस्कृति को प्रोत्साहित भी करेगी। राजस्थान विद्यापीठ शिक्षा और अनुसंधान को समर्पित एक प्रमुख संस्थान है।

राजस्थान विद्यापीठ द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित ऑनलाइन क्विज का आयोजन हुआ।

21 बन्दूकों की सलामी के साथ शुरू हुई रथ यात्रा

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर में भगवान जगदीश की भव्य शोभा यात्रा की शुरुआत हो चुकी है। भव्य व अद्भुत नजारे देखने को मिल रहे है। यात्रा के दौरान जन सैलाब उमड पडा है। पूरे रास्ते पर भगवा झंडे लहरा रहे हैं और अपार श्रद्धा उमड रही है। प्रथम पूज्य गणपतिजी की आराधना के बाद रथयात्रा शुरू हुए व भगवान को 21 बंदूकों की सलामी दी गई। इसके बाद पालकी में बैठा कर भगवान को रथ में अपार जयघोष के बीच विराजित किया गया।उदयपुर के 400 साल पुराने मंदिर से भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा होने के बाद शहर के अलग अलग इलाकों से आई शोभायात्राओं के साथ आगे बढ रही है। भक्तजन झूमते गाते हुए यात्रा का रथ खींच रहे हैं। रथ यात्रा में भगवान जगन्नाथ स्वामी, माता महालक्ष्मी, दानी रायजी की श्रृंगारित मनमोहन प्रतिमाएं राजसी वस्त्र धारण किए हैं। भगवान 80 किलो चांदी चढे व शिखर पर स्वर्ण चढे रजत रथ में सवार होकर भक्तों को दर्शन दे रहे है।

सम्मान समारोह आयोजित

उदयपुर, (कासं)। मेवलिया प्रजापति समाज मेवाड चौखले की नव मनोनित कार्यकारिणी का रविवार को ग्राम पंचायत दरौली स्थित श्री यादे देवी मंदिर परिसर में शपथ ग्रहण समारोह ओर प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हुआ।मीडिया प्रभारी भगवान प्रजापत ने बताया कि कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला प्रमुख ममता कुंवर ओर भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश के संयोजक प्रमोद सामर ने चौखला अध्यक्ष गणेशलाल प्रजापति की अध्यक्षता में नव मनोनित कार्यकारिणी को शपथ दिलाई।

दो दिवसीय जीतो राजस्थान जोन का कॉनक्वेल का शुभारंभ

उदयपुर, (कासं)। जीतो उदयपुर चेप्टर की मेजबानी में शनिवार को हॉली माउण्ट रिसॉट में दो दिवसीय जीतो राजस्थान जोन का कॉनक्वेल का शुभारंभ असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया के मुख्य आतिथ्य में हुआ। जीतो उदयपुर चेप्टर अध्यक्ष विनोद फान्दोत एवं चीफ सेक्रेटरी धर्मेश नवलखा ने बताया कि मंथन में इंस्पायर टूडे एण्ड ट्रांसफर्म टूमारोष्ष् की थीम पर जीतो राजस्थान जॉन का कॉनक्वेल कार्यक्रम में राजस्थान राज्य के 10 चेप्टरों से करीब 1500 से अधिक सदस्य इस आयोजन में शामिल हुए। संयोजक संजय भण्डारी सह संयोजक महेन्द्र तलेसरा ने बताया कि समारोह का शुभारंभ असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया जीतो एपेक्स डायरेक्टर राजकुमार फतावत, सहकारिता मंत्री गौतम दक, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, सांसद मन्नालाल रावत, विधायक ताराचंद जैन, राजस्थान जोन के चेयरमैन अनिल बोहरा,जोधपुर विधायक अतुल भंसाली आदि के दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। महिला विंग अध्यक्ष विजयलक्ष्मी गलूंडिया ने बताया कि जीतों मेम्बर में मेलजोल बढाने, व्यापार में अभिवृद्धि करने, सफलता के मूलमंत्र को जानने के लिए दो दिवसीय राजस्थान जोन कोन्कलेव का आयोजन किया जा रहा है। जीतो बिजनेस मीट के तहत शहर के व्यवसायी एवं राजस्थान जोन से आने वाले करीब 1500 से अधिक जीतो के प्रतिनिधि एक-दूजे से संवाद किया।

सार-समाचार

इस्लामिक नया साल मनाया

उदयपुर, (कासं)। इस्लामिक नववर्ष हिजरी सन 1446 की शुरूआत बोहरा समुदाय ने रविवार से की। इससे पूर्व शनिवार को नए साल की खुशी में घरों में विभिन्न पकवानों से थाल सजाए गए।दाऊदी बोहरा जमात के प्रवक्ता मंसूर अली ओड़ावाला ने बताया कि माहे मुहर्रम के आगाज के साथ सैयदी खांजीपीर साहब के उर्स पर सार्वजनिक न्याज व मजलिस हुई। आगामी दस दिनों तक सुबह 11 से 2.30 बजे तक वजीहपुरा मस्जिद में हाजी मुल्ला पीर अली व रात की मजलिस में पांच दिन मुबारक हुसैन व आखिरी पांच दिन अली असगर खिलौना वाला इमाम हुसैन की याद में तकरीर पेश करेंगे। शाम को 5 से 7 बजे तक रसूलपुरा मस्जिद में समाज की महिलाओं की मजलिस होगी जिसमें मरसिया ख्वानी के अलावा तकरीरे होंगी। शाम साढ़े सात बजे से सामूहिक न्याज का आयोजन होगा। मुहर्रम को लेकर बोहरवाडी और बोहरा समुदाय के विभिन्न मौहल्लों में सबीले लगाई गई है जहां शर्बत व पानी पिलाया जाएगा।

चिकित्सक पर हमला करने वाले दो धरे

उदयपुर, (कासं)। हाथीपोल थाना पुलिस ने रेजिडेंट चिकित्सक पर चाकू से हमला करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्रकरण के अनुसार 5 जुलाई को डॉ. सुरेन्द्र गुर्जर पुत्र किरोडीलाल गुर्जर निवासी तेसगांव थाना नांदोती गंगापुर सिटी हॉल इन्टर्न डाक्टर एमबी चिकित्सालय ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि मैं व डॉ.अनूप यादव कार से दिलशाद भवन से वापस चिकित्सालय लौट रहा था। जहां बीच रास्ते हिम्मत बालाजी मंदिर मोड पर सामने से गलत दिशा से दो बदमाश स्कूटी लेकर आए। एतराज किया तो एक बदमाश ने चाकू से हमला कर दिया। जिससे डॉ.अनूप गंभीर घायल हो गया। इस मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। इस पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक कैलाशचन्द्र के सुपरविजन में हाथीपोल थानाधिकारी आदर्श कुमार मय टीम ने मामले में अनुसंधान करते हुए आरोपियों को नामजद किया। इस दौरान आरोपियों के अजमेर व चित्तौडगढ की तरफ भागने की फिराक में देबारी की पहाड़ियों में छिपे होने की सूचना मिली। इस पर पुलिस दल ने मौके पर पहुंच कर कार्यवाही करते हुए हमलावर मोहम्मद अमान उर्फ लक्की उर्फ माया पुत्र अब्दुल फरीद निवासी अंजुमन मुखर्जी चौक छबीला भेरू गली धानमण्डी हॉल मल्लातलाई अहमद हुसैन कॉलोनी लालमगरी अंबामाता तथा मो. साहिल रजा उर्फ मुर्गा पुत्र मो. इशवाक उर्फ अशफाक निवासी कारवाड़ी हाथीपोल को गिरफ्तार किया। इस दौरान भागने का पुलिस द्वारा पीछा करने के दौरान मो. अमान भागते समय गिरने पर घायल हो गया।

हमले में युवक घायल

उदयपुर, (कासं)। शहर के भूपालपुरा थाना क्षेत्र में झगडा करने के दौरान बदमाश ने चाकू से हमला कर युवक को घायल किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रशांत चौधरी पुत्र मोहनसिंह निवासी गोपाल नगर आगरा जोड़ कनोता जयपुर हाल कृष्णपुरा ने भुपालपुरा पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि 5 जुलाई रात मैं व साथी राहुल पुत्र गिरधसिंह चौधरी निवासी नंदवई भरतपुर दुकान से किराणा सामान लेकर वापस कमरे की तरफ लौट रहे थे। इस दौरान बीच रास्ते कृष्णपुरा में दो पक्ष आपस में झगडा कर रहे थे। जिनमें से एक आरोपी सूरज गमेती ने चाकू से राहुल पर हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर घायल हो गया। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने पीडित को चिकित्सालय में भर्ती करवा प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। राहुल निजी क्लिनीक में लेब टेक्निशियन है तथा प्रशांत नर्सिग कर्मी है।

युवक ने की आत्महत्या

उदयपुर, (कासं)। शहर के अम्बामाता थाना क्षेत्र में युवक ने आर्थिक तंगी के चलते फांसी लगा आत्महत्या कर ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर में अम्बामाता थाना क्षैत्र न्यू पोलो ठाउण्ड सहेली नगर निवासी प्रतीक पारीक (42) पुत्र सुरेश चन्द्र पारिक ने अपने मकान में फांसी लगा आत्महत्या कर ली। प्रतीत रवीवार को घर पर था। इस दौरान उसने फांसी लगा ली। इसको देख पत्नी के चिल्लाने पर आए परिजनों ने उसे फंदे से निचे उतार कर चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर एएसआई शिवदत्तसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। प्रारंभिक अनुसंधन में आर्थिक तंगी के चलते आत्महत्या करने की जानकारी सामने आई है।

निगम गुलाबबाग में 2100 पेड़ लगाएगा

उदयपुर, (कासं)। नगर निगम द्वारा गुलाबबाग में रविवार को सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरुआत असम राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया, उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत, शहर विधायक ताराचंद जैन, महापौर गोविंद सिंह टाक, रविंद्र श्रीमाली, जिला कलक्टर अरविंद पोसवाल, जिला पुलिस अधीक्षक गोयल, आयुक्त रामप्रकाश, उपमहापौर पारस सिंघवी द्वारा की गई।उद्यान समिति अध्यक्ष महेश त्रिवेदी ने बताया कि आज गुलाबबाग में सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरुआत के साथ गुलाब बाग में 2100 पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया है। आने वाले दो दिनों में यह वृक्ष लगाएं जाएंगे। ये सभी पेड़ फलदार है जिसमें से प्रमुख रूप से आम, जामुन, कीकर, अमरूद, अनार, चीकू है। वृक्षारोपण कार्यक्रम में राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने कहा कि मनुष्य इस पृथ्वी पर जब जन्म लेता है तभी से पर्यावरण के संपर्क में आता है और अपनी पूरी जीवन लीला समाप्त कर मृत्यु को प्राप्त होता है तब तक यह प्रकृति और पर्यावरण उसके साथ रहता है। मानव जीवन में पर्यावरण का संतुलन हम केवल इसकी रक्षा कर कर सकते हैं। हमें पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण में महती भूमिका निभानी होगी, जितना हम पर्यावरण से ले रहे हैं यदि उसे आधा भी उसको दे दिया तो इस पृथ्वी पर फिर से हरी चादर लहरा जाएगी। पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण करना वर्तमान में सबसे महत्वपूर्ण कार्य है।

झील प्रेमियों ने जानी झील का स्थिति

उदयपुर, (कासं)। झील प्रेमियों ने रविवार को पिछोला झील के पंच देवरिया, माँझी मंदिर, नागा नगरी, नाथी घाट कुम्हारीया तालाब इत्यादि क्षेत्रों में जाकर झील की वस्तुस्थिति जानी। झील प्रेमियों ने बताया कि जलीय खरपतवार वृद्धि से कुम्हारीया तालाब में कुछ जगह पानी का रंग हरा हो गया है। डीवीडिंग मशीन संचालित नहीं हो रही है तथा ऑक्सीजन बढ़ाने के लिए लगाया गया एक फ्लोटिंग फव्वारा बंद पड़ा है कुछ स्थानों पर सीवर झील में गिर रहा है। झील में बने एक पुराने सीवरेज होल में पैंदे की तरफ छेद हो गया है। इससे आशंका है कि जब झील भरेगी तो यहां से पानी सीवर लाइन में बह व्यर्थ होगा।झील प्रेमियों ने कहा कि सुधार के लिए प्रशासन की निरंतर व नियमित निगरानी जरूरी है। साथ हीं बरसाती पानी व्यवस्था के चेंबर में कचरा रोकने के लिए लगाई जालियों को ठीक से बनाया जाए ताकि बरसाती प्रवाह के साथ आया कचरा झील में जाने से पूरी तरह रुक सके। निरीक्षण में झील विशेषज्ञ डॉ अनिल मेहता, झील विकास प्राधिकरण के पूर्व सदस्य तेजशंकर पालीवाल आदि मौजूद रहे।

रथ को स्पर्श करने व रस्से को खींचने की लगी होड़

उदयपुर, (कासं)। गंगूकुण्ड स्थित इस्कॉन मन्दिर से रविवार प्रात: 9 बजे मन्दिर से जगन्नाथ रथयात्रा प्रारम्भ हुई।

किन्तु उम्मीद से ज्यादा भक्तो की भीड जुडने और मार्ग मे जगह जगह आरती पुष्प वर्षा से समय अधिक लगा। इससे पूर्व मायापुर वासी प्रभु के सानिध्य मे बाहर से आये ब्रह्मचारी वैष्णव तथा स्थानीय भक्तो ने हर्षोल्लास के साथ भगवान जगन्नाथ बलभद्र बहन सुभद्रा और सुदर्शन को विधि विधान से पूजा अर्चना कर मृदंग खरताल मंजीरो की मधुर ध्वनि के साथ शंखनाद कर पूर्व से सजे-धजे रथ पर विराजमान किया। भक्त गर्मजोशी से हरि बोल हरि बोल,जय जगन्नाथ के उद्घोष के साथ नृत्य करने लगे। जैसे ही रथ आगे बढा मन्दिर के आसपास के लोगो का जमावडा लग गया हर कोई आगे आकर रथ को स्पर्श करना चाहता,भगवान के रथ के रस्से को खींचने की होड लगी रही। सांवरिया गार्डन मैनरोड पर आते आते राहगीर भी अपने वाहनो को रोककर रथ को मार्ग दे रहे थे तो कुछ रूक कर रथ के पास आकर दर्शन कर रहे थे।

वृन्दावन हनुमानगढ अहमदाबाद जयपुर अलवर महाराष्ट्र आदि स्थानो से आये इस्कॉन भक्तो ने इस्कॉन पारम्परिक शैली मे जबरदस्त नृत्य किया तो उदयपुर के वैष्णव भक्त, माताऐ बहनो व स्थानीय लोगो ने भी जमकर पूरे मार्ग मे नृत्य कर आनन्द लिया।हर कोई पसीने से लथपथ होने पर भी थकने का नाम नही ले रहे।मार्ग मे जगह जगह स्वागत द्वार लगे जंहा पुष्पवर्षा कर आरता उतारी जा रही थी अनेक समाज सेवको ने मनुहार कर रोक रोक कर छाछ मिल्करोज दूध फ्रुटी आलूबडे बून्दी पेडा आइसक्रीम ,जल फल आदि परोस कर धन्य हो रहे थे। रथ के आगे हरकोई झाडू लगाने को लालायित हो रहा तो कुछ माताऐ पूरे मार्ग मे पीछे पीछे खाली दोने गिलास फरूटी छाछ के डिब्बे केले छिलके आदि उठाती रही। एसी अनुशासित रथयात्रा स्थानीय लोगो के लिए तो पहलीबार यादगार यात्रा होने से कुछ भावविभोर तो कुछ हर्षोल्लास कर रहे थे। 11बजे तक बोहरा गणेश तिराहे तक आते आते भक्तो का जमावडा बढ गया सैकडो भक्त पूर्व से ही बेसब्री से पलक पावडे बिछा 9 बजे से जगत के नाथ का इन्तजार कर रहे थे। जगन्नाथ जी और बोहरा गणेश जी के साथ इस्कॉन भक्तो का और स्थानीय भक्तो ऐसा भरत मिलाप हुआ कि पूरा आसमान जय जगन्नाथ, हरे कृष्ण हरे राम के उद्घोषो से गूंज उठा। यहाँ आलोक संस्थान के डॉ प्रदीप कुमावत के सौजन्य से अनेको संगठनो ने महाश्रृंगार आरती की। जहां से धूलकोट होती हुई रथयात्रा इस्कॉन मन्दिर पहुंची जहां स्वनिर्मित व्यंजनो का छप्पन भोग धराकर सभी भक्तो को महाप्रसाद परोसा गया।

प्रजापति युवा जागृति संस्थान की ओर से भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा का बडा बाजार में स्वागत किया और यहां पर सभी श्रद्धालुओं के लिए पिस्ता केसर की कुल्फियों का वितरण किया । मीडिया प्रभारी सुनील प्रजापत ने बताया कि युवा जागृति संस्थान के सभी कार्यकर्ता यहां उपस्थित रहे।

शहीद मेजर मुस्तफा को देश सेवा के लिए हमेशा याद किया जाएगा : डॉ व्यास

उदयपुर, (कासं)। मरणोपरांत शौर्य चक्र से सम्मानित हुए मेजर मुस्तफा के परिवारजनों का कांग्रेस ने रविवार को उदयपुर पहुंचने पर सम्मान किया।

उदयपुर देहात जिला कांग्रेस प्रवक्ता डॉ संजीव राजपुरोहित ने बताया कि 21 अक्टूबर, 2022 को मेजर मुस्तफा अरुणाचल प्रदेश की सीमा पर हेलीकॉप्टर में सर्विलियंस एव रिकोनोसेंस मिशन पर थे। सुबह 10.30 बजे मिशन के दौरान हेलीकॉप्टर में भयानक आग लग गई और वह तेजी से नीचे गिरने लगा को-पायलट मेजर मुस्तफा ने अपने जीवन पर आए संकट की स्थिति में रहते हुए भी अनुकरणीय संयम बनाए रखा और एक घातक स्थिति का सामना किया। मेवाड के बहादुर बेटे ने अपनी जान की परवाह न करते हुए विमान का संचालन किया और आवासीय क्षेत्र से दूर विमान को उडाया परंतु इसी बीच उनका विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया और वे देश की सेवा करते हुए शहीद हुए। मेवाड के बेटे मेजर मुस्तफा ने अतुलनीय शौर्य का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया और भारतीय सेना की उच्चतम परंपराओं के अनुरूप देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। देश के लिए अपने प्राणों का बलिदान देकर देश सेवा करने के लिए मरणोपरांत मेजर मुस्तफा को शौर्य चक्र दिया गया।

सम्मान पाने के बाद उदयपुर आए मेजर मुस्तफा की माता फातिमा बोहरा एवम पिता जकीरुद्दीन बोहरा का कांग्रेस परिवार ने सम्मान किया। सम्मान कार्यक्रम में उदयपुर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रहे ताराचंद मीणा ने कहा कि शहीद मेजर मुस्तफा ने मेवाड का नाम देश में ऊंचा किया। आज उदयपुर को उन पर गर्व है। आज पूरे देश में उदयपुर का नाम ऊंचा हुआ है। देश के लिए बलिदान देने वाले देश के सच्चे बेटे होते है और हम सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। कांग्रेस पार्टी ने देश की आजादी की लडाई लडी है इसीलिए कांग्रेस पार्टी को देश पर शहीद होने वाले वीर के परिवार के मनोस्थिति को समझती है। और हर समय उस परिवार के साथ खडी है।

शहीद की माताफातिमा बोहरा एवम पिता जकीरुद्दीन बोहरा ने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि हम सभी को चाहिए कि हम सभी किसी भी रूप में देश की सेवा करे। चाहे वो देश की सीमा पर जाकर देश की सीमाओं को रक्षा करे या देश में रहकर देश की आगे बढाने में अपनी भूमिका देकर देश की सेवा कर सकते है। पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ गिरिजा व्यास ने कहा कि शहीद मेजर मुस्तफा को देश सेवा के लिए हमेशा याद किया जाएगा और हम सभी को उन पर गर्व रहेगा। कार्यक्रम में कांग्रेस के पदाधिकारियों ने शहीद की माता जी फातिमा बोहरा एवं पिता जकीरुद्दीन बोहरा को मेवाडी पाग, तिरंगा उपरना और शाल ओढाकर सम्मान किया।

शहीद मेजर मुस्तफा की माता फातिमा बोहरा एवं पिता जकीरुद्दीन बोहरा के सम्मान कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ गिरिजा व्यास, उदयपुर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रहे ताराचंद मीणा, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता पंकज शर्मा, पूर्व विधायक त्रिलोक पूर्बिया, प्रदेश कांग्रेस महासचिव गोपाल शर्मा, प्रदेश कांग्रेस सचिव दिनेश श्रीमाली, ब्लॉक अध्यक्ष सोमेश्वर मीणा, अजय सिंह,उदयपुर देहात जिला कांग्रेस महासचिव भूपेंद्र चौहान, उदयपुर देहात जिला कांग्रेस प्रवक्ता डॉ संजीव राजपुरोहित, भूषण प्रकाश श्रीमाली, शहीद मेजर मुस्तफा के परिवारजन एवम बोहरा समाज के गणमान्य परिवारजन, उदयपुर नगर निगम पार्षद हिदायतुल्लाह, पूर्व पार्षद रियाज हुसैन, उदयपुर शहर जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष अली कोसर, उदयपुर देहात जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष नवल सिंह चुंडावत, विप्र फाउंडेशन के के शर्मा, बडगांव पंचायत समिति सदस्य भुवनेश व्यास, बडगांव सरपंच संजय शर्मा, समाज सेवी गणेश लाल शर्मा, मनीष श्रीमाली, अमित श्रीवास्तव तरुण भटनागर, डॉ संदीप गर्ग, पिंटू मेघवाल सहित कई पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

शौर्य चक्र से सम्मानित हुए मेजर मुस्तफा के परिवारजनों का कांग्रेस की ओर से सम्मान किया।

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)

क्रमांक : F-11( )RegIn-III/2024/5825 Date: 4/07/2024

आम-सूचना

निम्नानुसार आवेदक द्वारा सारणी में वर्णित राजस्व ग्राम एवं खसरा नम्बर की भूमि का आवंटन/नियमन हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

क्र. सं.	राजस्व ग्राम	खसरा नम्बर	भूखण्ड संख्या	क्षैत्रफल (वर्गफीट)	आवेदक का नाम/पिता का नाम
1.	सविना	830 से 833,843 से 856, 861 से 863	16	1800.00	श्रीमती शमा बानु पत्नी श्रीमोहम्मद हुसेन (मेवाफरोस)

अत: उपरोक्तानुसार आवेदित भूखण्डों का आवंटन/लीजडीड आवेदक के नाम करने के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति/ऐतराज होतो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद गुजरने नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही अमल में लायी जावेगी।

(बिन्दु बाला राजावत)
प्राधिकृत अधिकारी,
उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)